# उदयपुर में सिटी हाफ मैराथन में लोगों ने उत्साह से भाग लिया

**उदयपुर, (का.सं.)।** जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा रन फॉर जीरो हंगर के उद्धेश्य से आयोजित हिन्दुस्तान जिंक की वेदांता जिंक सिटी हॉफ मैराथन अभूतपूर्व सफलता के साथ आयोजित हुई। भारत की सबसे खूबसूरत एवं एआईएमएस द्वारा प्रमाणित वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के साथ उदयपुर में रविवार की सुबह उत्साह और उमंग से भरपूर थी। अल सवेरे जब इस मैराथन में शामिल होने वाले धावकों का जन समूह इसके उद्गम स्थल फिल्ड क्लब के लिए निकला तो शहर में हर तरफ दौड़ की ही चर्चा थी।

हजारों की संख्या में इस मैराथन में भाग लेने वालों के उल्लास ने जिंक सिटी उदयपुर में आयोजित इस दौड और शहर को वैश्विक दौड के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित कर दिया। मैराथन में विश्व के एथलीट, भारतीय शीर्ष धावकों और दौड के शौकिन लोगों ने उत्साह से भाग लिया। मैराथन को उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत, विधायक उदयपुर शहर ताराचंद जैन, विधायक उदयपुर ग्रामीण फूल सिंह मीणा, पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज राजेश मीणा, आयुक्त नगर निगम उदयपुर राम प्रकाश, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उत्तर-पश्चिम रेलवे शशि किरण, आयुक्त उदयपुर विकास प्राधिकरण राहुल जैन, आरटीओ उदयपुर नेमीचंद पारेख, हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा, सचिव फील्ड क्लब उदयपुर उमेश मनवानी एवं संस्थापक एनीबडी कैन रन डॉ. मनोज सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रतिभागियों ने फतेह सागर झील की सुकून भरी सुबह और अरावली पर्वतमाला के सौंदर्य के साथ इस दौड का आनंद लिया जिसका मार्ग महाराणा प्रताप स्मारक, नीमच माता मंदिर पहाडी और हरे-भरे बगीचों की सुंदरता से परिपूर्ण था। मैराथन ने उदयपुर की समृद्ध जिंक की विरासत को पुनःस्मरण किया जो कि 2,500 से अधिक वर्षो से शहर के इतिहास के साथ जुडी हुई है। तीन श्रेणियों 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी के साथ इस आयोजन में सभी स्तर के धावकों के लिए प्रावधान था। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण हिंदुस्तान जिंक के प्रमुख जीवन तरंग कार्यक्रम के तहत 100 से अधिक दिव्यांग लोगों द्वारा प्रतिभागी बनना था, जिनका उत्साह वहां मौजुद हर व्यक्ति ने करतल ध्वनि के साथ किया।

धावकों का उत्साहवर्धन करने के लिए उदयपुराईट्स ने भी अपना पूरा साथ देते हुए मैराथन के रास्ते पर सभी का जोश से स्वागत किया। पुरुष वर्ग में 21 किलोमीटर की प्रतिस्पर्धा में रोहित बंसीवाल ने जीत हासिल की, जबकि विक्टर कुरगट ने प्रथम रनर अप और गोपाल बैरवा ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में मदीना पॉल ने जीत हासिल की, जबकि सोनल सुखवाल ने प्रथम रनर अप और खुशी पाहवा ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 10 किलोमीटर की चुनौती में अजीत कुमार ने जीत हासिल की,जबकि गणपत सिंह ने प्रथम रनर अप और दुर्गेंद्र ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग में खुशबू ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि सपना कुमारी ने प्रथम रनर अप और सुनीता गुर्जर ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। प्रत्येक फिनिशर को हिंदुस्तान जिंक द्वारा उत्पादित बेहतरीन जिंक से बना पदक दिया गया। यह दिन फिटनेस, सौहार्द और सामुदायिक भावना से पूर्ण था जिसमें प्रतिभागियों ने चुनौती को अपनाते हुए उदयपुर की विरासत को संजोया। गणमान्य अतिथियों ने मैराथन की शुरूआत में उदयपुर की विरासत, दौड के महत्व और ग्रामीण कुपोषण के खिलाफ लडाई के महत्व को रेखांकित किया। उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत ने शहर के वैश्विक दौड मंच पर शहर के प्रमुख स्थान हेतु गर्व व्यक्त किया, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने मैराथन को उदयपुर के विकास में एक बडा कदम बताया। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने बच्चों में कुपोषण के बारे में जागरूकता बढाने के महत्व पर बल दिया। उदयपुर रेंज के महानिरीक्षक राजेश मीणा ने उदयपुर के सांस्कृतिक पारिस्थितिकी तंत्र में मैराथन के महत्व की सराहना की। हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं उत्साही मैराथन धावक अरूण मिश्रा जिन्होंने स्वयं वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन में 21 किलोमीटर की दौड पुरी की अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैं पूरी तरह से रोमांचित हूं कि इस आयोजन ने जिंक सिटी उदयपुर को अंतरराष्ट्रीय मैराथन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित कर दिया है। दुनिया भर के हजारों लोगों के साथ इस मैराथन ने जिंक सिटी उदयपुर के सांस्कृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया है।

## डॉ. सीमा नरुका राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

**उदयपुर ,(का.सं.)।** शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों हेतु शिक्षा जगत से जुडे विभिन्न प्राचार्य एवं अध्यापकों को अहमदाबाद में हुए सम्मान समारोह एजुकेशन एक्सीलेंसी कॉन्क्लेव में स्वामी विवेकानंद नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। भोपाल नोबल पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ सीमा नरूका ने प्राचार्य की सूची में अपना नाम दर्ज करवा कर संस्थान को गौरवान्वित किया।

डॉ.सीमा नरूका को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों के प्रयोग और विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु सम्मानित किया गया है। डॉ नरूका की इस उपलब्धि पर संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो.शिव सिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ महेंद्र सिंह अगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रूपा खेडी, रजिस्ट्रार निरंजन नारायण सिंह, संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह ताना,चेयरमैन हनुमंत सिंह बोहेडा ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## रसायन विज्ञान के उभरते क्षितिज पर कांफ्रेंस आयोजित

**उदयपुर , (नि.सं.)।** पेसिफिक विवि में '21 वीं सदी में रसायन विज्ञान के उभरते क्षितिज' पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेस स्नाकोत्तर अध्ययन एंव रसायन विभाग द्वारा आयोजित की गयी।

मुख्य अतिथि पेसिफिक समूह के अध्यक्ष प्रों. बी.पी.शर्मा ने बताया जिंक को केसे प्राप्त किया जाये यह सिर्फ भारतीयों को ही मालूम था और जिंक को यसद कहा जाता है तथा हमारे प्राचीन शास्त्र में लिखा है 'ताम्र यस प्रदयाते इति यसदह'। पेसिफिक विवि के प्रेसिडेंट प्रो. हेमन्त कोठारी ने सभी जीतने वालों को बधाई देते हुए कहा कि यह कॉन्फ्रेस निश्चित रूप से 21वीं सदी के सभी शौधार्थी एंव युवा वैज्ञानिकों को आयाम प्रदान करेंगी। कोटा विवि की डॉ.नीलू चौहान ने हाइड्रोजन गैस के उत्सर्जन की जानकारी दी और बताया कि जल के अणु को तोडकर उत्सिर्जित गैस का उपयोग ईन्धन के रूप में किया जा सकता है। उत्तर गुजतरात विवि की प्रों. संगीता शर्मा ने मनोभ्रंश के लिए जिम्मेदार मानव टाउ प्रोटीन ,हर्बल पौधों से प्लेवेनोइड्स की आणविक क्षमता और चिकित्सा दक्षता पर प्रकाश डाला। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की प्रों. उमा शर्मा ने सुक्ष्मीय पदार्थ के निर्माण के लिए अति आणविक रसायन विभाग का टूलकिट के रूप में उपयोंग से संबंधित जानकारी साझा की व बताया कि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए अति आणविक व नैनोंटेक्नोलोजी बहुत कारगर सिद्व होगी। लवली प्रोफेशनल विवि जालधंर के प्रों. एस.रविचन्द्रन ने हरित रसायन के माध्यम से ग्लोबल वार्मिग पर नियंत्रण पर आमंत्रित व्याख्यान दिया। इन्होंने ने बताया कि सतत भविष्य के विकास में हरित रसायन महत्वपूर्ण स्तभ की भूमिका प्रदान कर रहा है।

कांफ्रेस में देश-विदेश के विभिन्न 247 शोधार्थीयों एंव वैज्ञानिकों ने भाग लिया तथा 138 पोस्टर एंव 35 मौखिक शोध पत्रों को प्रस्तुतिकरण किया गया। पोस्टर प्रस्तुतीकरण में वरिश्ठ वैज्ञानिक श्रैणी में दिनेश बोरासी, ,शैलेश कुमार पटेल, ,अमित शर्मा तथा कनिष्ठ वैज्ञानिक श्रैणी में शैली शर्मा , प्रियंका कुवंर राव , काजल शकील महाबारी तथा निधी पाठक को पुरूस्कृत किया । मौखिक शोध प्रस्तुतीकरण में वरिश्ठ वैज्ञानिक में मितल ठक्कर, नितिन चौधरी, पारस कुमार, जिगेश शाह, तथा कनिष्ठ वैज्ञानिक श्रैणी में सौरव कुमार मैती, चारूल पालीवाल और गौरी शुक्ला को पुरूस्कृत किया । पुरूस्कार वितरण समारोह में प्रों.बी.पी. शर्मा, प्रों. हेमन्त कोठारी, प्रों.एस.सी. प्रो. दिलेन्द्र हिरन, आमेटा, प्रों. रामेश्वर आमेटा तथा प्रो. रक्षित आमेटा मौजूद थे। समारोह के अन्त में विज्ञान संकाय के डीन प्रों. रामेश्वर आमेटा ने धन्यवाद व संचालन प्रों. नीतू शोरगर ने किया।

## पौधारोपण किया

**उदयपुर, (का.सं.)।** एक पौधा मां के नाम मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत बिहारीलाल पर्यावरण मित्र संस्था उदयपुर की ओर से सेक्टर 14 स्थित लखारा समाज भवन और नगर निगम के पार्क शरणम में औषधिय,फलदार व फुलदार पौधे लगाए गए और उनकी सुरक्षा के लिए टी गार्ड भी लगाए गए।

इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में बिहारी लाल पर्यावरण मित्र संस्था के अध्यक्ष कृष्ण कुमार लखारा ने कहा कि पेड पौधे के बिना जीवित नहीं रह सकते। पेड पौधों से हमें अनगिनत और बहुमूल्य चिजे प्राप्त होती है। समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने कहा कि पेड पौधे पृथ्वी पर ईश्वर का दूसरा रुप हैं, जो हमें जीवन प्रदान करता है। वरिष्ठ आरएएस अधिकारी कैलाश चंद्र लखारा ने बताया कि पेड पौधे पर्यावरण को अनुकूलित रखते हैं एसबीआई प्रबंधक दुर्गा प्रसाद लखारा ने कहा कि पेड लोगों की जीविका का साधन है। पर्यावरण विशेषज्ञ विनय दवे ने बताया कि पेड पौधे पक्षियों के आश्रय स्थल हैं। वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी शांतिलाल लखारा ने बताया कि पेड पौधे प्रकृति के सुकुमार सुंदर सुखदायक संताने मानी जाती है।

## खटीक समाज के लोगों ने रक्तदान किया

**उदयपुर, (का.सं.) ।** खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर से रविवार को आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में समाज के युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदान करने तथा समाज को मजबूत करने में अग्रणी 50 से अधिक महिलाओं को साडी प्रदान कर सम्मान किया गया।

निम्बार्क कॉलेज सभागार में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में सनराइज कॉलेज के निदेशक विनोद पांडे मुख्य अतिथि तथा समाजसेवी एडवोकेट निर्मल पंडित विशिष्ट अतिथि थे। पांडे ने कहा कि खटीक समाज में शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएं बढाने के लिए खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के युवाओं द्वारा जो प्रयास किए जा रहे हैं वे सराहनीय है। समाजसेवी निर्मल पंडित किसी समाज के विकास की रीढ युवा और महिलाएं हैं और खुशी की बात है कि खटीक समाज में इन दोनों ने समाज को आगे बढाने का बीडा अपने कंधे पर उठा रखा है। इससे पूर्व खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि संगठन की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं कि शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में समाज कहीं भी पिछडा नहीं रहे। नवरात्रि में कन्या पूजन का कार्यक्रम रखा जाएगा, जिसमें समाज की बेटियों को हर काम में आगे रखने के हमारे मकसद को जाहिर किया जाएगा। संस्थापक जय निमावत ने कहा कि अब समय आ गया है जब हम सब मिलकर समाज की एकता के लिए काम करें। संगठन के सूरजपोल ऑफिस से उसे रक्त कार्ड उपलब्ध करवाया जाएगा। चुनाव में भी आकाश बागडी को अध्यक्ष उम्मीदवार बनाएंगे। संगठन के प्रदेश सचिव पीसी चावला को राष्ट्रीय महासचिव पद पर नियुक्त करने की घोषणा की गई। चावला ने कहा कि समाज में कुरीतियां दूर करने के लिए महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही है। प्रदेश सचिव पूरण खटीक ने समाज की एकता को एक धागे में पीरोने पर बल दिया। संचालन माधुरी शर्मा ने किया।

## राजेश मीणा को निमंत्रण पत्र दिया

**उदयपुर,(का.सं.)।** शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित होने वाली 68 वीं राज्य स्तरीय हॉकी छात्र प्रतियोगिता हेतु आयोजन समिति द्वारा पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा को निमंत्रण पत्र एवं आवश्यक तैयारी संबंधी पत्र सुपुर्द किया ।

मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि 4 से 10 अक्टूबर तक पीएम श्री राजकीय उमावि फतह सूरजपोल में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है इस संबंध में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक मीना से आयोजन समिति द्वारा संपर्क कर उन्हें आवश्यक पत्रों सपूत कर आगरा किया गया आग्रह किया। आयोजन समिति के संयोजक प्रधानाचार्य चेतन पानेरी ने बताया कि डॉ धर्मेंद्र सिंह शक्तावत दिग्विजय सिंह राणावत हर्षवर्धन सिंह राव डॉ महेश्वर पाल सिंह डॉ सतीश चौधरी पन्नालाल जोशी विजेंद्र कुलदीप आदि अवकाश के दिनों में भी देर रात तक प्रतियोगिता के सफल संचालन एवं तैयारी में लगातार तैयारी में लग रहे हैं।

# स्वच्छता को झूठे आंकड़ों, कागजों एवं फोटो से बाहर लाना होगा : गुप्ता

**उदयपुर,(का.सं.)।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भारत सरकार एनएसएससी के गैर सरकारी सदस्य और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर अपने वक्तव्य में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पनाओं के अनुरूप स्वच्छ भारत होने पर हमारे देश के पर्यटन में कई गुणा वृद्धि होगी और राजस्व आमदनी भी बढेगी।

उन्होंने सुझाव दिया कि स्वच्छता का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध अर्थ दंड लगाने तथा पर्यटन सेस लागू करने के लिए केन्द्र सरकार को एक कानून बनाना चाहिए ।

गुप्ता ने कहा कि प्राय: विदेश में यह देखते हैं और विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट में भी जानकारी मिलती है कि वहां व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा दर अधिक है अर्थात विदेश में लंबी आयु तक लोगों का जीवन है जबकि हमारे देश भारत में जीवन प्रत्याशा दर धीरे-धीरे कम हो रही है, जो एक सोचनीय विषय बनता है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में युवा सर्वाधिक है जो देश का भविष्य है लेकिन वर्तमान स्वास्थ्य की परिस्थितियों में यह देखा जा रहा है कि युवा वर्ग भी बीमारियों से ग्रसित है। इन सभी के उन्मूलन का एक ही उपाय है कि जन-जन को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को अपनाना होगा।

गुप्ता ने कहा कि जब दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी क्षेत्र की निकाय डूंगरपुर स्वच्छता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जल संचय में देश में अव्वल आ सकती है, तो स्वच्छता ग्राम में अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाई जा सकती है। केवल इसमें कानून एवं उचित देखरेख करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही स्वच्छता के झूठे आंकडे देकर दिखाने वालों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की आवश्यकता है अन्यथा स्वच्छता कागजों एवं फोटो खिंचवाने तक ही सीमित रह जाएगी तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री का सपना सिर्फ सपना ही बनकर रह जाएगा। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा गठित राजस्थान राज्य स्तरीय समिति के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय दीपक माहेश्वरी द्वारा एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल जयपुर के सदस्य सचिव को समस्त निकायों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए यह लेख है कि, वायुमंडल, पृथ्वी व जल को प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु नगर परिषद डूंगरपुर के सभापति केके गुप्ता के नेतृत्व में हुए प्रयास अनुकरणीय है।

स्वच्छता को धरातल पर उतारने के लिए सबसे पहले पुराने कचरा (लेगेसी वेस्ट) हटाना होगा। यह आमजन एवं जानवरों के लिए जानलेवा है। नगर परिषद डूंगरपुर ने स्वच्छता के सभी मापदंडों पर कार्य कर डूंगरपुर को स्वच्छ सुंदर वह हरा भरा बनाया है। अत: डूंगरपुर मॉडल को अपनाना हमारे स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देगा।

इसके तहत हम न केवल अपने प्रदेश बल्कि समस्त देश को प्रदूषण मुक्त कर सकेंगे।

नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति केके गुप्ता के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के न्यायाधिपतियों ने डूंगरपुर की स्वच्छता एवं विकास की तारीफ डूंगरपुर नगर की स्वच्छता से अभिभूत होकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेणेश्वर में 26 नवम्बर 2018 को आम सभा में कार्यो की प्रशंसा की।

## सार-समाचार

### महिलाएं गरबा अभ्यास में जुटी

**राजसमंद, (नि.सं.)।** गुजरात का प्रसिद्ध गरबा, दो ताली, तीन ताली, 9 ताली, गुजराती डोढिया, हिंच, सनेडो, गरबा रास अब धीरे-धीरे राजस्थान सहित मेवाड में भी अपने पांव पसारने लगा है। कांकरोली के कुमावत समाज के नोहरे में पिछले एक माह से गरबा की विभिन्न विधाओं की कक्षाएं जारी हैं। जिसमें डोढिया, दो ताली, तीन ताली, 9 ताली सहित डांडियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुजरात से प्रशिक्षित दीपलता कुमावत के नेतृत्व में करीब तीन दर्जन युवक एवं युवतियों ने गरबा रास प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इन प्रशिक्षण आर्थियों में 10 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक के प्रतिभागी शामिल है। श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिनों में प्रशिक्षणार्थियों का फाइनल प्रशिक्षण एवं टेस्ट किया जा रहा है। आने वाले नवरात्रि के दिनों में यह ग्रुप जिला स्तरीय प्रदर्शन करने अन्य पंडालों में जाएगा। गुजरात के बाद मेवाड में गुजराती हाथ के गरबों के प्रशिक्षण का यह पहला मौका है इससे पूर्व केवल डांडियों की खनक देखी जाती थी। निर्णायक की भूमिका में सूरत निवासी नीतू धुलिया, सनवाड निवासी सुनीता कुमावत रहीं। जिन्होंने बेस्ट नर्तक का चयन किया। महिला वर्ग में सरिता कुमावत, रेखा कुमावत, संगीता कुमावत, बालिका वर्ग में रतना कुमावत, चेष्टा जोशी, संगीता कुमावत व बालक वर्ग में ईशिका चौहान, पिहू कुमावत, ममता कुमावत, वृंदा कुमावत ने क्रमश: प्रथम, द्वितिय व तृतिय स्थान प्राप्त किया। जिनको पारितोषिक वितरण किया गया। इस दौरान हरीश कुमावत, पिंकी कुमावत, लक्ष्मीनारायण कुमावत, आयुष कुमावत, घनश्याम कुमावत, रेखा कुमावत, तुलसीबाई कुमावत सहित शहरवासी मौजूद थे।

### राजसमंद के कार्यालयों में सफाई

**राजसमंद, (नि.सं.)।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा-स्वभाव, स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत डीजी पुलिस राजस्थान के निर्देशानुसार एसपी मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार शनिवार से 2 अक्टूबर तक सभी पुलिस थानों, कार्यालयों, पुलिस लाइन, ट्रेनिग सेन्टर एवं अन्य परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित करने के लिए पुलिस स्टाफ द्वारा श्रमदान कर परिसर को साफ -सुथरा एवं स्वच्छ किया जाएगा। अभियान के प्रारम्भ में अवकाश के दिन शनिवार एवं रविवार को कार्यालय/थाना/चौकियात एवं पुलिस लाईन में सुबह से सांय तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई की गई। इसी क्रम में एसपी कार्यालय स्टाफ द्वारा भी समस्त शाखाओं की साफ -सफाई एवं रिकॉर्ड का व्यवस्थीकरण किया गया। कार्यालय में नकारा सामान, जाया रिकॉर्ड की सूचियां बनाई जाकर नियमानुसार निस्तारण करने की कार्यवाही जारी है। गौरतलब है कि इस अभियान के दौरान थानों के मालखाना की साफ -सफाई एवं मालखाना को व्यवस्थित करना, रिकॉर्ड रूम में रिकॉर्ड रूम की छंटनी करना, थानों के स्वागत कक्ष की साफ -सफाई, शौचालयों की साफ -सफाई, पुलिस लाइन परिसर की साफ -सफाई एवं नकारा समान को सूचीबद्व किया जाएगा।

### पूरण सिंह शेखावत अध्यक्ष बने

**राजसमंद, (नि.सं.)।** दी राजसमन्द नगर परिषद कॉन्ट्रेक्टर एसोशिएशन की बैठक रविवार को नगर परिषद सभा भवन में आयोजित हुई। एसोशिएशन के सभी सदस्य की सर्वसहमति से नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें एसोशिएशन के संरक्षक पद पर जमनालाल टांक, रामप्रसाद पहाडिया, जयदयाल कुमावत, मांगीलाल यादव, शांतिलाल खटीक, कन्हैयालाल टांक, नारायण सुथार को नियुक्त किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर पूरनसिंह शेखावत, उपाध्यक्ष बालकृष्ण कुमावत, राजकुमार पहाडिया, संगठन मंत्री राजकुमार खटीक, सचिव महेश यादव, कोषाध्यक्ष विजय टांक को नियुक्त किया गया। इस दौरान भगवतीलाल, प्रहलाद खटीक, दिलीप, बालकृष्ण कुमावत, महेश यादव, पिरु खींची, शांतिलाल खटीक, कमलेश खटीक, कमलेश पहाडिया, प्रमोद रेगर, दीपक शर्मा, भंवरलाल, दीपक खटीक, प्यारचन्द खींची, कमल खींची, बंशीलाल कुमावत, अमरीन सैयद, राजकुमार, रामप्रसाद, पवन कुमार, विजय सांवरिया, नारायण सुथार, दानिश, जगदीश पहाडिया, दिव्यांश यादव, जितेश पहाडिया सहित अन्य कॉन्ट्रेक्टर मौजूद थे।

### विधायक दीप्ति ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**राजसमंद, (नि.सं.)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस अब एक जिहादी पार्टी बन गई है जो हिंदू धर्म और उसकी आस्थाओं का निरंतर मजाक उडाती आ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे द्वारा राम भक्तों की आस्था पर की गई टिप्पणी बेहद निंदनीय है। विधायक ने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा जैसे भव्य और ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम को डांस और गाने का प्रोग्राम कहना कांग्रेस के शाही परिवार की हिंदू विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह केवल राम भक्तों की आस्था का अपमान नहीं बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज के प्रति कांग्रेस की अनादरपूर्ण सोच का परिचायक है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अब अपने मूल सिद्धांतों को छोडकर एक जिहादी मानसिकता को अपना लिया है जो देश की एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है। माहेश्वरी ने यह मांग की कि कांग्रेस पार्टी को इस तरह के बयानों के लिए माफी मांगनी चाहिए और हिंदू समाज की आस्था का सम्मान करना चाहिए। गौरतलब है कि विधायक दीप्ति माहेश्वरी का यह बयान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता द्वारा राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर की गई विवादित टिप्पणी जिसने देशभर में आक्रोश पैदा कर दिया है के बाद आया है।

### प्रेमप्रकाश आश्रम में वार्षिकोत्सव

**भीम, (नि.सं.)।** प्रेमप्रकाश पंथ के पीठाधीश महामंडलेश्वर भगत प्रकाश महाराज ने रविवार प्रात: कस्बे के देवनारायण कॉलोनी स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में वार्षिकोत्सव पर शिरकत की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंधी समाज के आध्यात्मिक सदगुरु के नगरागमन पर सैकड़ो भक्तजनों ने उनकी जोशो खरोश के साथ अगवानी की।सत्संग सभा में उद्बोधन में कहाकि व्यवहार व परमार्थ से मिलकर जीवन पल्लवित होता है।भौतिक सांसारिक कार्यों में गति व्यवहार तथा आत्मोद्धार के लिए परोपकार के कार्य भी आवश्यक है। आत्मविस्मृति हमें दुनियादारी में उलझाए रखती है तथा घर से दूर ले जाती है। निज घर लौट आने पर ही शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है।सत्संग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक उपक्रम है।परम व चरम प्रतीति के लिए नाम सुमिरन की महिमा है।जगत की सारी दौड़ो की परिणति ईश्वर प्राप्ति ही है।जीव परमात्मा का अंश है तथा चेतना व पदार्थ के सम्मिलन से ही सृष्टि का निर्माण हुआ है।इस अवसर पर भगवानदास भाटिया,लक्ष्मण दास भगतानी,प्रदीप खत्री,लखपत लखुजा,किशोर जेसवानी, ललित लखवानी ,तेजनदास भाटिया, योगेश चेलानी,भागचंद भाटिया, ओम आहूजा,मोनी आहूजा, श्याम आहूजा,प्रकाश लखूजा आदि सेवाधारी मौजूद थे।

### डॉ. मोहंती ने सांवलिया सेठ के दर्शन किए

**मंडफिया, (नि.सं.)।** परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के सचिव डॉक्टर अजीत कुमार मोहंती ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। उनके साथ न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड मुंबई के निर्देशक आर सरन ने भी भगवान सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मौके पर चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन वैज्ञानिक डॉ मोहंती की अगवानी करने मंडफिया पहुंचे। मंदिर कार्यालय में अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर व भगवान का महा प्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर आलोक रंजन, भादसोड़ा नायब तहसीलदार घनश्याम जरवाल, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, मंदिर सुरक्षा प्रभारी भेरु गिरी गोस्वामी, आशीष दाधीच व मंडफिया थाना अधिकारी शीतल गुर्जर पुलिस बल के साथ उपस्थित थी। दर्शन के पश्चात जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने वैज्ञानिक डॉक्टर मोहंती को चित्तौड़गढ़ जिले के इतिहास एवं सांवलिया जी मंदिर इतिहास की जानकारी दी।

### फुटबॉल में राजसंमद टीम जीती

**राजसमंद, (नि.सं.)।** धौलपुर में चल रही 14 वर्षीय छात्र एवं छात्रा वर्ग की राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में राजसमंद छात्र टीम ने अपने लीग मैच में बारां को 2 -0 से, भरतपुर को 2- 0 से, टोंक को 2 - 0 से हराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दल प्रशिक्षक दयाल सुथार ने इस संबंध में बताया कि राजसमंद की ओर से रचितसिंह, राजेश भील, मनीष कुमावत ने गोल किए। वहीं 14 वर्षीय छात्रा वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में राजसमंद टीम ने अपने लीग मैच में शाहपुरा को 4 - 0 से, खैरथल तिजारा को 7-0 से और जोधपुर को 2-0 से हराया। दल प्रभारी मोइन खान ने बताया कि राजसमंद की ओर से ईशा कुमावत, नेहा मेनारिया और गुड्डी भील ने गोल किए।

## सार-समाचार

### छुट्टी के दिन सरकारी दफ्तरों में सफाई

**डूंगरपुर, (नि.सं.)।** जिला कलैक्टर अंकित कुमार सिंह के माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान के तहत शनिवार और रविवार को राजकीय अवकाश के दिन सुबह से ही डूंगरपुर क्षेत्र के सरकारी ऑफिसों में सफाई का दौर शुरू हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे राजकीय कार्यालयों में साफ सफाई को लेकर जागरुकता बढ़ेगी और आमजन को भी स्वच्छता का संदेश मिलेगा। शनिवार से शुरू हुए माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान में सभी अधिकारियों और कार्मिकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लेते हुए अपने कार्यस्थल में श्रमदान किया। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिले में माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान की शुरुआत की है। इससे कार्मिकों के साथ आमजन को भी साफ-सुधरा और सकारात्मक माहौल प्राप्त होगा। राजकीय कार्यालयों की सफाई के दौरान छतों पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, क्योंकि आमतौर पर छतों की सफाई को नजरअंदाज कर दिया जाता है। पहले चरण में सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी अवकाश के दिन आकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इससे ऑफिस की सफाई के साथ वर्षो से जमा कबाड़ आदि के निस्तारण में आसानी होगी। जिला कलेक्टर सिंह ने बताया कि कार्यालयों और संस्थानों में स्वच्छता से कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा होगा, वहीं आमजन को भी सकारात्मक संदेश जाएंगे। संक्रमणों और बीमारियों से भी बचाव होगा। इसके लिए जिले के सभी विभागों के जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक स्तर तक के कार्यालयों में श्रमदान कर साफ-सफाई करने और कराने के निर्देश दिए हैं। इसकी फोटो भी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं, जिससे कहीं भी खानापूर्ति ना हो सके। पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, महिला अधिकारिता, आईसीडीएस, जिला परिषद, डीओआईटी, सांख्यिकी सहित अन्य विभागों में माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान के तहत साफ-सफाई की गई। वहीं रविवार को नगरपरिषद कार्यालय, डूंगरपुर, उद्यानिकी, कृषि, आत्मा कार्यालय आसपुर के सोम कमला आम्बा प्रोजेक्ट कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। दो दिनों में ब्लॉक स्तर पर भी राजकीय कार्यालयों में माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान के तहत साफ-सफाई की गई।

### पंचायतीराज चुनाव पर चर्चा की

**बांसवाड़ा,, (नि.सं.)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घाटोल की बैठक भाटिया महादेव मंदिर परिसर में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं बांसवाड़ा विधायक अर्जुनसिंह बामनिया ने कहा कि प्रदेश की जनता अतिवृष्टि, बढ़ती महंगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते महिला अत्याचार, बेरोजगारी, बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली और पानी का संकट, अवैध खनन, माफिया राज से बुरी तरह त्रस्त है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र पंडया ने संगठन की मजबूती का आहवान किया।कार्यकारी जिलाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस को लेकर उत्साह है। ब्लॉक अध्यक्ष अजित मुन्गानिया ने पंचायत चुनाव में कांग्रेस के मजबूत उम्मीदवार का चयन कर एकता के साथ उसका सहयोग कर जीताने का आहवान किया। बैठक में अतिथि के रुप में उपाध्यक्ष नेमीचंद जैन, योगपाल सिंह, प्रधान हरकू देवी, गीता देवी पटेल, जीतेंग भाई, देवीलाल, धुलजी भाई, जिला परिषद् सदस्य गौतम लाल राणा, मंडल अध्यक्ष प्रभुलाल, परमेश्वर कलाल, संजय, रमेश, रकमचंद आदि ने भी सम्बोधित किया। बैठक में जिला सोशल मीडिया प्रभारी भारत दोसी, महावीर पूरी, देवीचंद सुथार, बापूलाल, नटवर बरोड़, रामचन्द्र निनामा, अमरा डिन्डोर, पूंजा डिन्डोर, नानजी खराडी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। आभार संगठन महामंत्री धीरज पाठक ने जताया।

### सल्लोपाट गांगड़तलाई में त्रिशूल दीक्षा

**बांसवाड़ा, (नि.सं.)।** विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल की ओर से धर्म और हिन्दू राष्ट्क रक्षा के लिये शुरु किये गये त्रिशूल दीक्षा अभियान के तहत गांगड़तलाई स्थित गोकुलधाम सोसायटी में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विहिप के जिला प्रचार प्रमुख आशीष उपाध्याय ने बताया कि 1100 कार्यकर्ताओं ने त्रिशूल दीक्षा ली एवं दीक्षार्थियों को सामूहिक रुप से शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेणेश्वर धाम के पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज ने की जबकि मुख्य अतिथि संजेली धाम के डॉ. दलसुखदास महाराज एवं मुख्य वक्ता पृथ्वी सिंह भोजपुरा रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि झाबुआ के कमलगिरि महाराज, प्रतापगिरी, सतीशगिरी महाराज, बजरंग दल प्रांत संयोजक योगेश रेनवाल, विहिप प्रांत संपर्क प्रमुख नरेंद्र भगत, विहिप जिलाध्यक्ष मांगीलाल बुनकर, संघ विभाग प्रचारक विकासराज भाईसाहब, विभाग कार्यवाह अशोक सुथार, विहिप जिला मंत्री अरुण जोशी, बजरंग दल जिला संयोजक शंकर रलोतिया, गांगड़तलाई प्रखंड अध्यक्ष सुखलाल टेलर और प्रखंड संयोजक आशीष पंचाल मौजूद रहे। प्रारंभ में जिला मंत्री अरुण जोशी ने अतिथि परिचय कराया। संचालन आशीष उपाध्याय व नरेश प्रजापत ने किया जबकि आभार सुखलाल टेलर ने माना। कार्यक्रम के दौरान सहगीत व आचार्य पद्धित हुरजी मछार, गिरिश लबाना ने काव्य गीत के साथ दी। कार्यक्रम में बजरंग दल प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मोतीलाल पटेल, मातृशक्ति जिला संयोजिका जयश्री सोनी, दुगार्वाहिनी जिला संयोजिका साक्षी दक, विहिप जिला विशेष संपर्क प्रमुख मोहन पटेल मौजूद रहे। ओम ग्रुप सल्लोपाट की ओर से सल्लोपाट से गांगड़तलाई दीक्षा कार्यक्रम स्थल तक रैली निकाली।

### स्टूडेंट की जनेऊ उतरवाने से आक्रोश

**डूंगरपुर, (नि.सं.)।** विप्र फाउंडेशन डूंगरपुर की ओर से आज रविवार को स्नेह मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ब्राह्मण समाज को एकजुट होने का संदेश दिया गया। वही जयपुर में सीईटी की परीक्षा देने गए एक ब्राह्मण स्टूडेंट की जनेऊ उतरवाने पर आक्रोश जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई। विप्र फाउंडेशन का स्नेह मिलन कार्यक्रम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास रमा कुंवर स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रिटायर्ड बैंक अधिकारी हितेश चौबीसा ने की। अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंड्या, विशिष्ट अतिथि पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष पुनीत चतुर्वेदी, सर्वसमाज अध्यक्ष सुरेंद्र चौबीसा, शार्दूल चौबीसा, लक्ष्मीशंकर श्रीमाल, जगदीश वैष्णव,अशोक चोबीसा, महेश।चोबिसा, जिलाध्यक्ष ललित उपाध्याय समेत कई मंचासिन रहे। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों और पत्रकारों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में योगेश पंड्या, उमेश, विजय रावल, जयेश मकात, आशीष चोबीसा, दीपक शर्मा, वरुण भट्ट, राजकुमार कंसारा, मिलन शर्मा, जयेश पवार, अखिलेश शर्मा, परवेश जैन, तनुज शर्मा, चंद्रमोली चौबीसा, सुखदेव यादव, दीपक जैन समेत बड़ी संख्य में लोग मौजूद रहे। संचालन महामंत्री प्रशांत चौबीसा ने किया।

### पानी के टैंक में गिरने से बच्ची की मौत

**कपासन, (नि.सं.)।** पानी के टैंक में गिरने से एक 7 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। यह घटना गांव धमाना की है, जहां बच्ची अपने ननिहाल में रह रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव धमाना में गोपालपूरा निवासी दीपिका (7) पुत्री पूरणमल वैष्णव अपने ननिहाल में थी। रविवार सुबह, दीपिका अपने नाना मिठू दास वैष्णव के साथ नोहरे में थी और नाना के मोबाइल से खेल रही थी। इसी दौरान, नाना पास ही खेत पर काम करने गए। दीपिका वहां बने पानी के टैंक के पास चली गई और टैंक का पानी देखने के चक्कर में अंदर गिर गई। जब नाना खेत से लौटे, तो उन्होंने देखा कि दीपिका नोहरे में नहीं है। उन्होंने उसे आवाज लगाई और आस-पास तलाश करने लगे। इसी दौरान, उन्होंने टैंक में देखा तो बच्ची टैंक के पानी में दिखाई दी।उसे तुरंत निकाला गया और कपासन अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपिका के नाना मिठू दास वैष्णव ने बताया कि उसके माता-पिता गुजरात के मोरबी में रहते हैं, जहां उसके पिता किसी फैक्ट्री में काम करते हैं। उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। दीपिका तीन बहनों में सबसे बड़ी थी। सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची।

### धार्मिक समारोह के लिए मातृशक्ति जुटी

**बांसवाड़ा, (नि.सं.)।** लालीवाव मठ में आगामी 20 नवम्बर से होने वाले विराट धार्मिक महोत्सव की तैयारियों में मातृशक्ति उत्साह से जुटी हुई है। मठ में शनिवार शाम विभिन्न समाजों, संस्थाओं और संगठनों की सदस्याओं के साथ ही जागरुक महिलाओं की बैठक लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर महंत हरिओमदास महाराज के सानिध्य में हुई। महंत ने महोत्सव के उद्देश्यों और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए महिलाओं से अधिकाधिक भागीदारी निभाने का आ ान किया। बैठक में मिथिलेश कौशिक, सोनू अठावाल, साधना देवड़ा, प्रतिभा जैन, दीप्ता श्रीवास्तव, सावित्री जांगिड़, सुनीला शर्मा, सपना व्यास, मीनीक्षा अग्रवाल, हेतल अग्रवाल, मीना जांगिड़, कृष्णना मेहता, पिंकी जोशी, शारदा परमार, दीपिका भावसार आदि मौजूद रही।

# तीन जिलों में वांछित 37 हजार रुपये के इनामी को मांडल थाना क्षेत्र से पकड़ा

## एनडीपीएस-आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित था, 16 साल से चकमा दे रहा था तस्कर

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के मामले में भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और जोधपुर ग्रामीण जिले में वांछित 37 हजार रुपये के इनामी स्थाई वारंटी नारायण जाट पुत्र घीसा जाट निवासी बराणा थाना आसींद जिला भीलवाड़ा को मांडल थाना क्षेत्र से डिटेन किया है, जिसके बारे में संबंधित थाना पुलिस को सूचना दे दी गई है।

- पुलिस को चकमा देकर तस्कर नारायण जाट इंदौर, धार व रतलाम की तरफ फरारी काट रहा था
- आरोपी नारायण जाट भीलवाड़ा जिले में थाना आसींद के वर्ष 2008 तथा चित्तौड़गढ़ जिले के थाना निंबाहेड़ा में वर्ष 2009 के एनडीपीएस एक्ट के मामले में स्थाई वारंटी है

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी नारायण जाट भीलवाड़ा जिले में थाना आसींद के वर्ष 2008 तथा चित्तौड़गढ़ जिले के थाना निंबाहेड़ा में वर्ष 2009 के एनडीपीएस एक्ट के मामले में स्थाई वारंटी है। वहीं जोधपुर ग्रामीण जिले के थाना बालेसर में वर्ष 2018 के एनडीपीएस एक्ट के मामले में 35 हजार तथा भीलवाड़ा के थाना आसींद में 2023 के आर्म्स एक्ट के मामले में 2 हजार रुपये का इनामी है। एडीजी एमएन ने बताया कि प्रदेश में वांछित बदमाशों एवं तस्करों इत्यादि की जानकारी व धरपकड़ के लिए उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन में गठित की गई विभिन्न टीमों को प्रदेश के सभी शहरों में रवाना किया गया है। आसूचना संकलन के दौरान पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित की गई टीम में भीलवाड़ा जिले से अटैच सदस्यों कांस्टेबल विजय सिंह व गोपाल धाबाई को सूचना मिली कि 16 साल से पुलिस को चकमा दे रहा तस्कर नारायण जाट मध्य प्रदेश के इंदौर, धार व रतलाम की तरफ फरारी काट रहा है जो भीलवाड़ा की तरफ आएगा। सूचना को टीम ने डवलप कर शनिवार को मध्य प्रदेश से भीलवाड़ा आते समय आरोपी को मांडल थाना क्षेत्र में दबोच लिया।

आरोपी के पकड़े जाने की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी गई है। इस संपूर्ण कार्रवाई में भीलवाड़ा जिले से अटैच कांस्टेबल गोपाल धाबाई व विजय सिंह की विशेष भूमिका रही। टीम में एएसआई बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल रामनिवास, हेमंत शर्मा राकेश जाखड़, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, गंगाराम, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार और कांस्टेबल चालक दिनेश कुमार शामिल थे। टीम का कुशल नेतृत्व इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत ने किया।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने इनामी आरोपी को पकड़ा।

# शराब ठेके के कंटेनर को काट दो लाख से अधिक की शराब चुराई

## स्कार्पियो से पहुंचे तीन युवकों ने शराब ठेके के लौहे के कंटेनर को गैस वैल्डिंग से काटकर चोरी की

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे पर डिग्गी थाना क्षेत्र के चावण्डिया मोड़ के पास शातिर चोरों ने शराब ठेके के कंटेनर को गैस कटर से काट 2 लाख से अधिक की शराब चुरा ले गये। रविवार की सवेरे चोरी की वारदात की जानकारी मिली। ठेका संचालक की और से डिग्गी थाना पुलिस को चोरी की वारदात की सूचना दी गई।

- घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद होने की भनक लगने पर चोरों ने कैमरों को भी क्षतिग्रस्त किया

थानाधिकारी कप्तान सिंह मय जाप्ते के मौके पर पहुंच मौका रिपोर्ट तैयार करते हुये ठेके पर लगे हुये सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी गई तो शनिवार की मध्य रात्रि बाद एक स्कार्पियो से पहुंचे तीन युवकों ने शराब ठेके के लौहे के कंटेनर को गैस वैल्डिंग से काट कंटेनर में रखी देशी व अंग्रेजी शराब चोरी की वारदात को अंजाम दिया। ठेका संचालक व सैल्समेन के बताये अनुसार तकरीबन 2 लाख से अधिक की शराब चोरी होने की जानकारी दी गई। सारा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरो मे कैद होने की भनक लगने पर चोरों ने कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने फुटेज मे दिखे चोरो के हुलिया के आधार पर चोरो की तलाश के लिये टीम गठित की। फुटेज में चोरी की वारदात के कुछ समय पूर्व ही ठेके के पास से पुलिस का वाहन गुजरने की जानकारी भी सामने आई है।



जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे किनारे ठेके के कंटेनर को काटकर चोरों ने शराब चुराई।

## खेत में युवक का शव मिला

**टोंक, (निसं)।** बरोनी थाना क्षेत्र के ग्राम हतोना में खेत पर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कार्यवाहक बरोनी प्रभारी नूर मोहम्मद ने बताया कि मृतक मुकेश (35) निवासी हथोना अपने खेत पर बने कमरे की छत पर चारपाई पर सो रहा था। रविवार सुबह परिजनों को खेत पर मुकेश मृत अवस्था में उल्टा पड़ा मिला, जिसकी सूचना पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंच कर एफएसएल टीम को बुलाकर तथ्य जुटाए गए। परिजनों ने तीन व्यक्तियों पर हत्या करने की बात पुलिस को बताई, जिस पर पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया। मृतक का पोस्टमार्टम सआदत अस्पताल टोंक मेडिकल बोर्ड से करवाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते हत्या की गई है, कई वर्षो से हमारे रंजिश चल रही है जिसके चलते हत्या की गई है। जिस पर थाना प्रभारी नूर मोहम्मद ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की तथा शक पर कुछ लोगों को डिटेन किया है।

# हत्या के साक्ष्य मिटाने के मामले में पिता गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** नदबई थाना पुलिस ने छोटे पुत्र अजीत की हत्या के साक्ष्यों को मिटाने के लिए, बड़े पुत्र विनोद का साथ देने वाले आरोपी पिता रामसहाय को गिरफ्तार किया।

- छोटे पुत्र की हत्या के साक्ष्यों को मिटाने के लिए बड़े पुत्र का साथ दिया था
- मामले में मृतक के आरोपी भाई को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है

जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उच्चैन रामकल्याण मीना व वृताधिकारी वृत नदबई पूनम भरगड आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी दौलत साहू मय गठित टीम द्वारा नदबई थाने पर दर्ज प्रकरण में अभियुक्त विनोद जाट निवासी छतरपुर को उसके सगे भाई अजीत के सिर में कुल्हाड़ी से वार कर चोट पहुंचा हत्या करने व हत्या के सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर मिटाने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया था।

इसी मामले में हत्या के साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने व हत्या के सबूतों को षड़यन्त्रपूर्वक मिटाने का सहयोग करने पर मृतक अजीत के पिता आरोपी रामसहाय पुत्र हीरालाल जाट निवासी छतरपुर थाना नदबई जिला भरतपुर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी रामसहाय से अभी अनुसंधान जारी है। इस मामले में मृतक के आरोपी भाई विनोद पुत्र रामसहाय जाट निवासी छतरपुर थाना नदबई को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## विषाक्त के सेवन से विवाहिता की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र के ईरांस गांव में एक साल पहले विवाह के बंधन में बंधी युवती की ससुराल में विषाक्त वस्तु के सेवन से मौत हो गई। महिला के शव को मोर्च्यूरी में सुरक्षित रखवाया गया है। पीहर पक्ष के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।

सदर थाना प्रभारी उगमाराम ने बताया कि ईरांस निवासी खुशबु माली (20) की रविर को ससुराल में विषाक्त वस्तु के सेवन कर लेने से हालत बिगड़ गई। खुशबु को परिजन तुरंत एमजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना प्रभारी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुये मृतका के पीहर पक्ष को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि लाला की नीमड़ी, नंदराय निवासी बंशीलाल माली की पुत्री खुशबु का विवाह एक साल पहले ही ईरांस में हुआ था। पीहर पक्ष के आने पर शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। अभी यह पता नहीं चला कि खुशबु ने किन कारणों के चलते विषाक्त वस्तु का सेवन किया।

# जमीन विवाद को लेकर मारपीट, वीडियो वायरल हुआ

## जमीन के मालिक ने स्थानीय पार्षद, उसके बेटों और साथियों पर मारपीट, दस्तावेज छीनने और कम कीमत में जमीन बेचने का दबाव डालने का आरोप लगाया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के चौरसियावास क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। जमीन के मालिक ने स्थानीय पार्षद, उसके बेटों और साथियों पर मारपीट करने, जमीन के दस्तावेज छीनने और जबरन कम कीमत में जमीन बेचने का दबाव डालने का आरोप लगाया है।

गंज निवासी दिनेश खंडेलवाल पुत्र शंकरलाल ने बताया कि ग्राम चौरसियावास में उसके पिता की खरीदशुदा जमीन है, जो उनके स्वामित्व में है। वे आज सुबह 11.30 बजे अपने ममेरे भाई आशीष के साथ जब अपनी जमीन पर पहुंचे तो वहां पर वीरेन्द्र वालिया, पुनित वालिया, उसका लड़का 15-20 अन्य लोगों के साथ जमीन पर जेसीबी लेकर आ गए। वालिया ने जबरन उसकी जमीन की बाउंड्री वॉल (6 फीट ऊंची व 60 फीट लम्बी) को तुड़वाकर गिरवा दिया। उसने व आशीष ने विरोध किया तो वह अपशब्द बोले, मारपीट की। जमीन के दस्तावेज भी छीन लिए। दोनों के चोटें भी आईं। वालिया ने उन्हें धमकी दी है कि जमीन उन्हें 50 लाख रुपए में बेच दें, नहीं तो रूपनगढ़ में हुए जमीन हत्याकांड की तरह तुम्हारे साथ भी वही होगा। ऐसे में उसे उनसे जानमाल का खतरा है।

- पीड़ित को धमकी दी है कि जमीन उन्हें 50 लाख रुपए में बेच दें, नहीं तो रूपनगढ़ में हुए जमीन हत्याकांड की तरह तुम्हारे साथ भी वही होगा

वहीं दूसरे पक्ष ने मामले में नगर निगम की जेईएन कामना रावत ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई। कहना है कि स्थानीय पार्षद वीरेन्द्र वालिया का फोन आया और बताया कि अभियन्ता नगर गली 5 वार्ड 79 वाले नाले को दिनेश खंडेलवाल पुत्र शंकरलाल ने प्लाट की सफाई कराने के दौरान मलबा नाले में डालकर उसे भरवा दिया। सूचना पर वह मौके पर पहुंची। वहां वार्ड जमादार अनिल पुत्र जुम्मा व सफाई निरीक्षक सुरेश पुत्र चतुर्भुज भी आ गए। निगम की जेसीबी बुलाकर नाले में डाले गए मलबे को हटवाया जा रहा था। उसी दौरान दिनेश खंडेलवाल, उसका भाई व 3-4 अन्य लोगों ने अपशब्द बोलते हुए जेसीबी को रुकवाकर राजकार्य में बाधा डाल दी। साथ ही जमादार को जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। मौके पर पार्षद को फोन कर बुलाया तो दिनेश ने पार्षद वालिया से भी मारपीट शुरू कर दी। दिनेश मलबा डालने से भी इनकार कर रहा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# हुक्का बार पर पुलिस ने कार्रवाई कर सात जनों को हिरासत में लिया

## हुक्का पी रहा एक युवक पुलिस को देखकर तीसरी मंजिल से नीचे कूदा

**जोधपुर, (कासं)।** शनिवार देर रात को पुलिस ने एक हुक्का बार पर कार्रवाई की। पुलिस की रेड पड़ने से बार में हुक्का पी रहा एक युवक घबरा गया और बचने के लिए बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से नीचे कूद गया। युवक के नीचे कूदते ही मौके पर हड़कंप मच गया। घायल हालत में युवक को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार जोधपुर पुलिस की ओर से रात के समय संचालित होने वाले अवैध हुक्का बार व शराब के ठिकानों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। शनिवार रात को भी करीब 11 बजे पुलिस की स्पेशल टीम ने प्रताप नगर सदर थाना क्षेत्र के बॉम्बे मोटर्स सर्कल पर एक बिल्डिंग में संचालित होने वाले हुक्का पार्लर पर छापा मारा। पुलिस ने जब वहां पर जब छापा मारा तो काफी संख्या में युवक हुक्का पी रहे थे। पुलिस को देखकर अचानक सभी लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान पुलिस से बचने के लिए एक युवक तीसरी मंजिल से नीचे कूद गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस व मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। इधर, पुलिस ने हुक्का बार से 7 लोगों को हिरासत में लिया है।

- घायल हालत में युवक को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, उपचार जारी

प्रतापनगर सदर थानाधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि रात को करीब 11 बजे पुलिस की टीम ने बॉम्बे मोटर्स सर्कल पर एक हुक्का बार में कार्रवाई की थी। पुलिस से बचने के लिए एक युवक बिल्डिंग से नीचे कूद गया। उसके पैर में फ्रैक्चर आया है और शरीर पर चोटें आई है। मौके से 7 युवकों को हिरासत में लिया है। जिसमें संचालक भी शामिल है।

## आभूषण सहित नगदी चोरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद थाना अंतर्गत सुराज गांव में भैरू रावत एवं भगवान खटीक के मकान में अज्ञात चोर लाखों रुपए के आभूषण सहित नगदी ले उड़े। बढ़ती चोरियों को लेकर ग्रामीणों ने गुलाबपुरा-भीम मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे दोनों तरफ से एक-एक किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। आसींद पुलिस उपाधीक्षक हेमंत नोगिया सहित पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे एवं समझाइश के बाद दो घंटे बाद जाम को खुलवाया गया। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुये बताया कि लगातार सुराज एवं आसपास के गांवों में चोरियां हो रही है लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

# खेत को लेकर दो पक्षों में झगड़ा, आधा दर्जन लोग घायल

**भरतपुर, (निसं)।** भुसावर थाना क्षेत्र के गांव रणधीरगढ़ में एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर करीब आधा दर्जन लोगों को घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भुसावर थाना क्षेत्र के गांव रणधीरगढ़ में एक खेत को लेकर दो पक्षों में काफी समय से विवाद चला आ रहा है। जानलेवा हमले में घायल रवीन्द्र ने बताया कि उनके खेत पर गांव के एक पक्ष के द्वारा कब्जा करने की नीयत से झगड़ा किया।

- सभी घायलों को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया

रवीन्द्र ने बताया कि उनके परिवारी जन 60 वर्षों से अपने खेत में खेती कर रहे हैं। लेकिन आज जब खेत पर बाजरे की फसल को काटने गए तो गांव के ही दबंग लोगों ने उनके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया।

जिसमें किसी के सिर में किसी हाथों किसी की गर्दन पर गंभीर चोट आई। जिस पर सबने भागकर जान बचाई, जिसके बाद हमले में घायल सुगन सिंह पुत्र सुखचंद, बनय सिंह पुत्र खूबी, लाला राम पुत्र सुख चंद, शेर सिंह पुत्र खूबी, हरीराम पुत्र रामचरण व रवीन्द्र पुत्र बनय सिंह को गंभीर चोट आने पर इलाज के लिए भुसावर के स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने सभी को इलाज के लिए भरतपुर के जिला आरबीएम अस्पताल के लिए रैफर कर दिया, जिस पर सभी को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पेट्रोल पंपकर्मी को चकमा देकर भागा कार चालक

## सेल्समैन ने 4150 रुपये का पेट्रोल बिना नंबर की कार में भरा था



चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद थाने के अंतर्गत रविवार सुबह पांच बजे नेशनल हाईवे-158 पर पालड़ी के निकट चारभुजा फिलिंग स्टेशन पर महिंद्रा कार में दो युवक पेट्रोल भराने आए। इसी दौरान युवक पेट्रोल भराकर बिना पेमेंट दिए ही भाग गए। वहीं किडिमाल निवासी संचालक छोटू लाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दी है।

सेल्समैन टीकम सिंह ने बताया कि रविवार सुबह पांच बजे 4150 रुपये का पेट्रोल बिना नंबर की कार में भरा था। कार में दो युवक थे। जैसे ही मैंने पेमेंट डालने के लिए बोला तो मुझे गाली-गलौच करते हुए वहां से भाग गए। इसके बाइ सेल्समैन सहित संचालक छोटू लाल गुर्जर थाने में पहुंचे एवं अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

## ट्रैक्टर ने युवक की जान ली, बड़ा भाई गंभीर जख्मी

**अजमेर, (कासं)।** नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र में ब्यावर मार्ग स्थित ग्राम बिठूर के पास बीती रात्रि ट्रैक्टर ने युवक की जान ले ली। हादसे में युवक का बड़ा भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का रविवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। घायल युवक का अस्पताल में इलाज जारी है।

नसीराबाद सदर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पुरानी राजोसी निवासी मनोहर पुत्र बीरम मेघवंशी और उसका छोटा भाई ग्राम भीमपुरा स्थित अपने खेत से काम कर देर रात घर लौट रहे थे, तभी ग्राम बिठूर में पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक के टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को नसीराबाद राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक कपिल को मृत घोषित कर दिया और गंभीर घायल मनोहर को प्राथमिक उपचार के बाद जेएलएन अस्पताल अजमेर रैफर कर दिया, जहां उसका उपचार जारी है। थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मृतक कपिल का शव कब्जे में लेकर रविवार सुबह पोस्टमॉर्टम करा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

# तीन सूने मकानों से लाखों की नकदी, जेवर व घरेलू सामान चोरी

## तीनों ही मकानों के लोग बाहर गये हुये थे, सीसीटीवी में वारदात की जगह के आसपास एक कार नजर आई

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली क्षेत्र में लगातार चोरों हौसले बुलन्द हैं। एक घटना में शनिवार देर रात्रि को कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित गोकुल सरोवर-2 कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने सूने पड़े तीन मकानों से 1.5 लाख रूपयों की नकदी, सिलेंडर, बैट्री, घरेलू सामान सहित सोने व चांदी के जेवरात पार कर लिये। तीनों ही मकानों के मालिक ताला लगाकर बाहर गये हुये थे। रविवार अल सुबह एक मकान जिसमें काम चल रहा था, वहां पहुंचे मजदूरों ने ताले टूटे देखे तो मकान मालिक व पुलिस को सूचना दी।

- रविवार अल सुबह एक मकान जिसमें काम चल रहा था, वहां पहुंचे मजदूरों ने ताले टूटे देखे तो मकान मालिक व पुलिस को सूचना दी

सूचना पर मौके पर डीएसपी राजेन्द्र बुरडक व एसएचओ राजेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम पहुंची तो सम्बंधित मकान के साथ-साथ बगल के दो मकानों के भी ताले टूटे हुये मिले। पुलिस ने आसपास के घरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो रात्रि के समय एक कार मकानों के आसपास नजर आई। इस सम्बंध में स्थानीय पुलिस थाने में मकान मालिकों द्वारा मामला दर्ज करवाया गया है। फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार वारदात को शनिवार व रविवार की मध्य रात्रि करीब 12 से 1 बजे के बीच अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि ईशरा का बास, बानसूर निवासी झाबरमल रावत का परिवार गांव गया हुआ था, जबकि झाबरमल फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित परिवार के अनुसार चोर मकानों का ताला तोड़कर 1 लाख 20 हजार रूपये की नकदी, 2 सोने की अंगुठी, 1 सोने का कटला, 1 मंगलसूत्र, 1 चाँदी का सिक्का, 2 गैस सिलेंडर, 1 इन्वर्टर सहित अन्य सामान पार कर ले गये। इस दौरान चोरों ने सभी कमरों में सामान को खंगाल कर देखा। इसके बाद बगल में मौजूद सरकारी अध्यापक महेश मीणा के मकान में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

मीणा की पत्नी भी सरकारी अध्यापिका है। जिनके मकान में मरम्मत कार्य चलने के कारण दोनों पति-पत्नी थानागाजी में रह रहे हैं। मकान में काम कर रहे श्रमिक जब रविवार सुबह मौके पर पहुंचे तो मकान खुला हुआ था। उन्होंने अन्दर जाकर देखा तो किचन व कमरों में सारा सामान बिखरा हुआ था। जिसकी सूचना उन्होंने तुरन्त शिक्षक दंपती को दी। इस संबंध में महेश मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि चोरों ने उनके मकान में कुल 5 ताले तोड़कर अलमारी व लॉकर से 30 हजार रूपयों की नकदी समेत पांच जोड़ी पायजेब, एक चाँदी की अंगुठी सहित एक गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर लिया।

इसके बाद चोरों ने इसी के बगल में तीसरे मकान को निशान बनाया जो कि स्व. नेतराम पूनियां का है। विगत दिनों उनका निधन हो जाने के बाद परिवार के लोग अपने गाँव बागावास, पावटा में रह रहे हैं, जिसके चलते फिलहाल घरेलू सामान यही था। यहां भी चोरों ने कमरों व संदूक के ताले ताड़कर अच्छी तरह खंगालते हुये रसोई से गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गये।

